28/AE/CME/M—2022-2

पुस्तिका शृंखला

**D**

Serial No. 405131

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

प्रश्न-पुस्तिका

पत्र—II

# सामान्य हिन्दी

समय : 1 घण्टा

( वस्तुनिष्ठ )

पूर्णांक : 100

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. इस प्रश्न-पुस्तिका में कुल **50** प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. सभी प्रश्नों के उत्तर दें।
4. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न-पुस्तिका की जाँच कर देख लें कि इसके ऊपर दायीं ओर प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला मुद्रित है। कृपया जाँच लें कि पुस्तिका में पूरे 8 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ तो नहीं है। पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले इसी शृंखला की दूसरी सही पुस्तिका ले लें।**
5. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न-पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
6. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको वीक्षक द्वारा अलग से उत्तर पत्रक दिया जायेगा। **अपने उत्तर पत्रक के पृष्ठ-1 पर निर्धारित स्थान में अपना नाम, अनुक्रमांक, प्रश्न-पुस्तिका शृंखला तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
7. उत्तर पत्रक के **पृष्ठ-2** पर निर्धारित स्थान में अपने **अनुक्रमांक** तथा **प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला A, B, C या D** जैसा इस प्रश्न-पुस्तिका के आवरण पृष्ठ के ऊपर दायीं ओर अंकित है, से सम्बन्धित कोष्ठक को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से अवश्य कूटबद्ध करें। **उत्तर पत्रक पर प्रश्न-पुस्तिका शृंखला अंकित नहीं करने अथवा गलत शृंखला अंकित करने पर उत्तर पत्रक का सही मूल्यांकन नहीं होगा।**
8. इस प्रश्न-पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर हिन्दी में मुद्रित हैं। प्रत्येक प्रश्न के **चार** उत्तर—(A), (B), (C) और (D) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। यदि आपको ऐसा लगे कि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर सही हैं, तो आप अपने उत्तर पत्रक में उस उत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए **केवल एक** ही उत्तर चुनना है। आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर होगा।
9. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **चार** कोष्ठक इस प्रकार बने हुए हैं—(A), (B), (C) और (D)। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक** कोष्ठक को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक कोष्ठक में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट-कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
10. प्रश्न-पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
11. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।

SEAL

निर्देश (प्रश्न संख्या 1 से 5 तक) : निम्नलिखित मुहावरों के लिए (A), (B), (C) और (D) के सामने अर्थ लिखे हुए हैं। इनमें से उपयुक्त अर्थ को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

**1.** उँगली पर नचाना

(A) इच्छानुसार करवाना

(B) बदला लेना

(C) गुस्से में आना

(D) आसान करना

**2.** आँखें लाल होना

(A) दया दिखाना

(B) पछताना

(C) गुस्सा करना

(D) रोना

**3.** जी चुराना

(A) मेहनत करना

(B) भागना

(C) दौड़ना

(D) मेहनत से बचना

**4.** गड़े मुर्दे उखाड़ना

(A) घबरा जाना

(B) इनकार करना

(C) बीती बातों को याद करना

(D) बुरा लगना

**5.** नाक रगड़ना

(A) गुस्सा करना

(B) शर्मिंदा होना

(C) लज्जित होना

(D) रक्षा के लिए गिड़गिड़ाना

4051131

निर्देश (प्रश्न संख्या 6 से 10 तक) : निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्द के लिए (A), (B), (C) और (D) के सामने अलग-अलग शब्द लिखे हुए हैं। इन शब्दों में से उपयुक्त विलोम शब्द को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

**6.** युद्ध में योद्धा की जीत होती है।

(A) विश्वजीत

(B) विकास

(C) हार

(D) विजय

**7.** मनुष्य का हृदय कोमल होना चाहिए।

(A) कठोर

(B) करुणा से भरा

(C) दयाशील

(D) उदार

**8.** भारतीय लोग नैतिकता का समर्थन करते हैं।

(A) आदर्श

(B) सहानुभूति

(C) अनैतिकता

(D) प्रामाणिकता

**9.** देश के उत्थान में सब शामिल हैं।

(A) उन्नयन

(B) विकास

(C) पतन

(D) विकर्षण

**10.** पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं।

(A) निमग्न

(B) स्वतंत्र

(C) परतंत्र

(D) अधीन

निर्देश (प्रश्न संख्या 11 से 15 तक) : निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों के लिए (A), (B), (C) और (D) के सामने अलग-अलग शब्द दिए गए हैं। इनमें से शुद्ध शब्द को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

**11.** विशिष्ठ

(A) विशिष्ट

(B) विषिश्ट

(C) वीशिष्ट

(D) विशेष

**12.** सांप्रदायकता

(A) सांप्रदायीखता

(B) सांप्रधायिकता

(C) साम्प्रदायिकता

(D) सांप्रदायीकता

**13.** आतथायी

(A) आततायी

(B) आतततायि

(C) आततायी

(D) आथतायि

**14.** व्यख्तिपरक

(A) व्यक्तीपरक

(B) व्याख्तीपरक

(C) वैयक्तीपरक

(D) व्यक्तिपरक

**15.** अंतराष्ट्रीयता

(A) अंतर्राष्ट्रीयता

(B) अंथर्राष्ट्रीयता

(C) अंतरराष्टीयता

(D) अंतराष्टियता

निर्देश (प्रश्न संख्या 16 से 20 तक) : निम्नलिखित वाक्य या वाक्यांश के लिए चार-चार शब्द दिए गए हैं। इनमें से उपयुक्त शब्द को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

**16.** जो धैर्यशाली है

(A) प्रामाणिक

(B) धीर

(C) अधीर

(D) प्रयत्नशील

**17.** आदर देने योग्य

(A) आदरणीय

(B) प्रसिद्ध

(C) आधरणीया

(D) गौरवान्वित

**18.** खर्च न करने वाला

(A) संग्राहक

(B) कंजूस

(C) खंजूस

(D) अप्रामाणिक

**19.** जो रास्ता दिखाता है

(A) उदारक

(B) पथगामी

(C) मार्गदर्शक

(D) उत्तेजक

**20.** जो नष्ट न होता हो

(A) अल्पावधि

(B) विनाश

(C) शाश्वत

(D) नश्वर

405131

निर्देश (प्रश्न संख्या 21 से 25 तक) : निम्नलिखित प्रत्येक वाक्य में एक शब्द रेखांकित है। प्रत्येक रेखांकित शब्द के लिए (A), (B), (C) और (D) के सामने एक-एक शब्द लिखा गया है। इनमें से रेखांकित शब्द से अर्थ की दृष्टि से उपयुक्त विकल्प चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

**21.** पथ्य से स्वस्थ होने की संभावना बनी रहती है।
- (A) मृष्टान्न
- (B) उचित भोजन
- (C) उपवास
- (D) औषध

**22.** रोगी का जीवन दुःखद होता है।
- (A) कष्टदायक
- (B) निर्धन
- (C) समाजमुखी
- (D) निरुत्तर

**23.** अनाथ कुटी में सोता है।
- (A) डरपोक
- (B) गरीब
- (C) डाकू
- (D) नास्तिक

**24.** निर्धन की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए।
- (A) मालिक
- (B) कमानेवाला
- (C) भूखा
- (D) धनहीन

**25.** पारावार का पानी नमकीन है।
- (A) सरोवर
- (B) समुंदर
- (C) नदी
- (D) तालाब

निर्देश (प्रश्न संख्या 26 से 30 तक) : निम्नलिखित (A), (B), (C) और (D) में से शुद्ध वाक्य पहचानकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

**26.**
- (A) राम ने रोटी खायी।
- (B) राम रोटी खायी।
- (C) राम रोटी खाये।
- (D) राम ने रोटी खाया।

**27.**
- (A) गिरने से भिखारी के प्राण निकल गए।
- (B) गिरने से भिखारी की प्राण निकल गयी।
- (C) गिरने से भिखारी का प्राण उड़ गया।
- (D) गिरने से भिखारी का प्राण निकल गया।

**28.**
- (A) राम की गाय काली है।
- (B) राम के गायें काली हैं।
- (C) राम के गायें काले हैं।
- (D) राम की गाय काला है।

**29.**
- (A) मेरे को बंबई पहुँचना है।
- (B) मुझे बंबई जानी है।
- (C) मुझे बंबई जाना है।
- (D) मेरे को बंबई जाना है।

**30.**
- (A) आपका दर्शन लेना है।
- (B) आपके दर्शन करने हैं।
- (C) आपका दर्शन करना है।
- (D) आपकी दर्शन करना है।

निर्देश (प्रश्न संख्या 31 से 35 तक) : निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

संस्कृति और सभ्यता की समानता और असमानता को इस प्रकार समझा जा सकता है कि मानवीय मेधा और प्राणशक्ति का विकास दो ही स्तरों पर घटित होता है। 1. भौतिक स्तर पर और 2. मानसिक स्तर पर। मानसिक स्तर पर यहाँ अभिप्राय मन, बुद्धि और आत्मा—इन तीनों की सम्मिलित सत्ता से है। सभ्यता मनुष्य के भौतिक स्तर का विकास है तो संस्कृति मनुष्य के मानसिक विकास का। जहाँ एक ओर सभ्यता का अर्थ मनुष्य के दैनिक जीवन की आवश्यकताओं तथा सुख-सुविधा की अतृप्त लालसा की पूर्ति के लिए निर्मित विराट तंत्र संस्थान (Techniques) से है तो दूसरी ओर सभ्यता का कार्य है एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था को जन्म देना जो नीतियों और नियमों पर आधारित हो। प्रत्येक राष्ट्र की निजी संस्कृति होती है जो उसको एक सूत्र में पिरोये रखती है—रीति-रिवाज, साहित्य, शिक्षा, कला, रहन-सहन, जीवन-दर्शन एवं मान्यताओं सभी का समाहार संस्कृति के अंतर्गत हो जाता है। संस्कृति मानव के जीवन-वृक्ष का सुगंधित पुष्प है। उसकी सुगंध में राष्ट्र की अस्मिता अंतर्निहित होती है।

**31.** उपर्युक्त अवतरण का उपयुक्त शीर्षक है

(A) संस्कृति और साहित्य

(B) संस्कृति और आत्मा

(C) संस्कृति और कला

(D) संस्कृति और सभ्यता

**32.** आत्मा किस आधार पर खड़ी है?

(A) भौतिक सुख

(B) बाह्य जीवन

(C) आंतरिक आधार

(D) चारों ओर का वातावरण

**33.** सामाजिक नियम का आधार है

(A) बुद्धि

(B) लालसा

(C) नीति

(D) भावना

**34.** कला का संबंध किससे है?

(A) करुणा

(B) सहानुभूति

(C) संस्कृति

(D) लालसा

**35.** भारतीय संस्कृति का एक प्रमुख आधार है

(A) दर्शन

(B) परिश्रम

(C) भौतिक सुविधा

(D) विलास

निर्देश (प्रश्न संख्या **36** से **45** तक) : यहाँ दस वाक्य दिए गए हैं। प्रत्येक वाक्य में चार विकल्प हैं। इनमें से जो शुद्ध वाक्य हो उसके लिए निर्धारित (A), (B), (C) और (D) में से कोई एक उत्तर के रूप में उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

**36.** मैंने कई पुस्तकें पढ़े हैं।

(A) मैंने कई पुस्तकें पढ़ी हैं।

(B) मैंने कई पुस्तकें पढ़ा है।

(C) मैं कई पुस्तकें पढ़े हैं।

(D) मैं कई पुस्तकें पढ़ी हैं।

**37.** आजकल देश में गरीब लोग कम मिलते थे।

(A) आजकल देश में गरीब लोग कम मिलते थे।

(B) आजकल देश में गरीब लोग कम मिलते हैं।

(C) आजकल देश में गरीब लोग कम होते हैं।

(D) आजकल देश में गरीब लोग थोड़ा ही है।

**38.** मैंने माला पहनाया।

(A) मैं माला पहनाई।

(B) मैंने मालाएँ पहनाये।

(C) मैं माला पहनाये।

(D) मैंने माला पहनाई।

**39.** राम दो ग्रंथ पढ़ी।

(A) राम दो ग्रंथ पढ़ी।

(B) राम ने दो ग्रंथ पढ़ी हैं।

(C) राम से दो ग्रंथ पढ़ी गईं।

(D) राम ने दो ग्रंथ पढ़े।

**40.** मेरी किस्मत खुल गया।

(A) मेरी किस्मत खुल गयी।

(B) मेरी किस्मत खुल गया।

(C) मेरी किस्मत कुल गयी।

(D) मेरा किस्मत खुल गया।

**41.** मैं मेरी जिम्मेदारी निभाऊँगा।

(A) मैं खुद जिम्मेदारी रहूँगा।

(B) मैं आपकी जिम्मेदारी लूंगी।

(C) मैं अपनी जिम्मेदारी रहूँगा।

(D) मैं स्वयं जिम्मेदारी निभाऊँगा।

**42.** पुलिस ने मशहूर चोर को पकड़ ली।

(A) पुलिस सुप्रसिद्ध चोर को पकड़ लिया।

(B) पुलिस ने कुख्यात चोर को पकड़ लिया।

(C) पुलिस ने प्रख्यात चोर पकड़ लिया।

(D) पुलिस ने मशहूर चोर पकड़ ली।

405131405131405131

**43.** हमने बहुत काम करा।

(A) हमने बहुत काम किया।

(B) हमने भारी काम किये।

(C) हमने बहुत काम की।

(D) हमने बहुत काम को किया।

**44.** मोहन ने बिस्तर पर सो गया।

(A) मोहन निद्रामग्न है।

(B) मोहन ने नींद में चल दिया।

(C) मोहन बिस्तर पर सो गया।

(D) मोहन ने बिस्तर पर लेटा।

**45.** राम गीत गाया।

(A) राम ने गीत गाया।

(B) राम गीत गाया था।

(C) राम मीठा गाया।

(D) राम ने मीठी गीत गायी।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 46 से 50 तक) :** निम्नलिखित तत्सम शब्दों के लिए चार-चार विकल्प (A), (B), (C) और (D) दिए गए हैं। इनमें से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

**46.** अरण्य

(A) जंगल

(B) पेड़ों से भरा प्रदेश

(C) शिखर

(D) उद्यान

**47.** मत्स्य

(A) साँप

(B) मछली

(C) मर्कट

(D) कीड़ा

**48.** सम्मुख

(A) बाजू में

(B) नजर में

(C) साथ में

(D) सामने

**49.** मस्तक

(A) भौंहें

(B) मद

(C) ललाट

(D) सिर

**50.** शोणित

(A) लाल

(B) पतित

(C) खून

(D) नाड़ी

405131

## रफ़ कार्य के लिए स्थान

★★★